an>

Title: Need to conduct a CBI inquiry into the murder of the bureau chief of Dainik Hindustan newspaper, Siwan, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सीवान के दैनिक हिन्दुस्तान समाचार-पत्र के ब्यूरो चीफ राजदेव रंजन की हत्या दिनांक 13.05.16 को कर दी गई है। घटना के कुछ दिनों के बाद राज्य सरकार ने सी.बी.आई. जांच की सिफारिश अपने स्तर से कर दी है। यह हत्या लोकतंत्र की आवाज की हत्या है। इस हत्या के तार बड़े अपराधियों से जुड़े हो सकते हैं। ऐसे में सी.बी.आई. जाँच आवश्यक हो जाती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि यथाशीघ्र राजदेव रंजन हत्याकांड की जाँच सी.बी.आई. से कराने की कृपा की जाये, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।